रजिस्ट्री सं. डी. (डी. एन.)-72

REGISTERED No. D. (D.N.) 72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 202] नई दिल्ली, शनिवार, सितम्बर 13, 1986/भाद्र 22, 1908

No. 202] NEW DELHI, SATURDAY, SEPTEMBER 13, 1986/BHADRA 22, 1908

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

वित्त मंत्रालय

(व्यय विभाग)

नई दिल्ली, 13 सितम्बर, 1986

संकल्प

संख्या 14(1)/आई. सी./86 —भारत सरकार ने चौथे केन्द्रीय वेतन आयोग की स्थापना संकल्प संख्या 5(56)-ई.III/83, दिनांक 29 जुलाई, 1983 द्वारा की थी, जिसमें संकल्प संख्या 5(56)-ई-III/83, दिनांक 16 फरवरी, 1985 और संकल्प संख्या 5(56)-ई.-III/83, दिनांक 8 नवम्बर, 1985 के माध्यम से संशोधन भी किए गए थे। आयोग ने 30 जून, 1986 को अपनी रिपोर्ट का प्रथम भाग प्रस्तुत किया, जिसका संबंध संघीय राज्य क्षेत्रों सहित केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों और अखिल भारतीय सेवाओं के सदस्यों तथा सशस्त्र बलों से संबंधित कर्मचारियों की परिलब्धियों, भत्तों, तथा सेवा की शर्तों की व्यवस्था से था। सरकार ने वर्ग "ख", "ग" तथा "घ" के केन्द्रीय सरकार के असैनिक कर्मचारियों के संबंध में आयोग की सिफारिशों पर ध्यानपूर्वक विचार किया है और यह निर्णय लिया है कि केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के इन वर्गों के संबंध में आयोग की सिफारिशों को नीचे दिए गए सुधार करके स्थूल रूप में स्वीकार कर लिया जाए:—

(i) आयोग ने जिन प्रस्तावित वेतनमानों का निर्धारण किया है उनमें निहित वेतन-निर्धारण फार्मूले के अनुसार मूल वेतन के 20 प्रतिशत पर परिकलित किए जाने वाले न्यूनतम लाभ को 50/- रुपए से बढ़ाकर 75/- रुपए कर दिया जाएगा।

(ii) आयोग की सिफारिश के अनुसार निर्धारित पहले तीन निम्नतम वेतनमानों (वर्ग "घ" के कर्मचारियों से संबंधित) में वेतन-वृद्धि की दरों में सुधार किया जाएगा और वर्ग "घ" के कर्मचारियों के संशोधित वेतनमान अब इस प्रकार से होंगे :—

आयोग की सिफारिश के अनुसार	सरकार द्वारा संशोधित रूप में
750-8-790-द.रो.-10-940 रुपए	750-12-870-द.रो.-14-940
775-10-965-द.रो.-12-1025 रुपए	775-12-955-द.रो.-14-1025
800-12-920-द.रो.-15-1070-20-1150 रुपए	800-15-1010-द.रो.-20-1150

(iii) वेतनमानों से संबंधित आयोग की सिफारिशों को 1-4-1986 की बजाए, जिसकी सिफारिश आयोग ने की है, 1-1-86 से लागू किया जाएगा ।

(iv) मूल्यों में वृद्धि हो जाने के कारण मुआवजे की (महंगाई भत्ते) की छमाही आधार पर अदायगी की व्यवस्था आयोग द्वारा की गई सिफारिश के अनुसार पहली सितम्बर और पहली मार्च से किए जाने के बजाए पहली जुलाई से लागू होगी और तत्संबंधी अदायगी सितम्बर के वेतन के साथ की जाएगी और आगे चलकर पहली जनवरी से लागू होगी जिसकी अदायगी मार्च के वेतन के साथ की जाएगी ।

2. केन्द्रीय सरकार के वर्ग "ख", "ग" और "घ" के असैनिक कर्मचारियों के संबंध में आयोग की विभिन्न सिफारिशों पर सरकार ने जो निर्णय लिए हैं, उनको इस संकल्प से संलग्न विवरण में प्रकट कर दिया गया है । आयोग द्वारा की गई विभिन्न सिफारिशों को इस अनुबंध में सम्मिलित नहीं किया गया है, उन पर सरकार विचार कर रही है और उनके संबंध में भी यथासंभव शीघ्र निर्णय ले लिए जाएंगे ।

3. केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों की परिलब्धियों और सेवा की शर्तों से संबंधित विभिन्न जटिल समस्याओं का समाधान करने तथा इस विषय पर एक प्रशस्त सारवान रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए भारत सरकार आयोग द्वारा किए गए इस महत् कार्य की अत्यधिक सराहना करती है ।

ए. रंगाचारी, अपर सचिव

अनुबंध

समूह 'ख', 'ग' और 'घ' के कर्मचारियों के सम्बन्ध में चौथे वेतन आयोग द्वारा की गई सिफारिशें तथा उन पर सरकार के निर्णय दर्शाने वाला विवरण (विवरण में अध्यायों और पैराग्राफ का संदर्भ वेतन आयोग की रिपोर्ट से है)

क्रम सं.	चौथे वेतन आयोग की सिफारिश	सरकार का निर्णय
(1)	(2)	(3)
वेतन		
1.	(i) 160-170 रु. के वर्तमान वेतनमान में समूह 'घ' के कर्मचारियों की सिफारिशों के अनुसार 750/- रु. का न्यूनतम वेतन तब तक दिया जाए, जब तक कि उनको भरती के लिए निर्धारित आयु सीमा प्राप्त करने पर नियमित वेतनमान न दिया जाए । (अध्याय 8, पैराग्राफ 8.14)	स्वीकार कर ली गई ।
	(ii) समूह 'घ', 'ग' और 'ख' के कर्मचारियों के लिए आयोग ने अध्याय 8 में निम्नलिखित 21 संशोधित वेतनमानों की सिफारिश की है : 1. 750-8-790-द.रो.-10-940 रु. 2. 775-10-965-द.रो.-12-1025 रु. 3. 800-12-920-द.रो.-15-1070-20-1150 रु. 4. 825-15-900-द.रो.-20-1200 रु. 5. 950-20-1150-द.रो.-25-1400 रु. 6. 950-20-1150-द.रो.-25-1500 रु. 7. 975-25-1150-द.रो.-30-1540 रु. 8. 975-25-1150-द.रो.-30-1660 रु. 9. 1150-25-1500 रु. 10. 1200-30-1440-द.रो.-30-1800 रु. 11. 1200-30-1560-द.रो.-40-2040 रु. 12. 1320-30-1560-द.रो.-40-2040 रु. 13. 1350-30-1440-40-1800-द.रो.-50-2200 रु. 14. 1400-40-1800-द.रो.-50-2300 रु. 15. 1400-40-1600-50-2300-द.रो.-60-2600 रु. 16. 1600-50-2300-द.रो.-60-2660 रु. 17. 1640-60-2600-द.रो.-75-2900 रु. 18. 2000-60-2300-द.रो.-75-3200 रु. 19. 2000-60-2300-द.रो.-75-3200-100-3500 रु. 20. 2000-60-2120 रु.	निम्नलिखित संशोधनों के साथ स्वीकार कर ली गई : क्रम सं. 1, 2 और 3 के वेतनमानों में इस प्रकार संशोधन किया जाएगा :— 1. 750-12-870-द.रो.-14-940 रु. 2. 775-12-955-द.रो.-14-1025 रु. 3. 800-15-1010-द.रो. 20-1150 रु.

(1)	(2)	(3)
	21. 2375-75-3200-द.रो.-100-3500 रु. (अध्याय 8, पैराग्राफ 8.9 और 8.73)	
	(iii) जिन संशोधित वेतनमानों की सिफारिश अध्याय 8 में की गई है, वे उन पदों को छोड़कर जिनके लिए विस्पष्ट रूप से अध्याय 9, 10, 11 और 27 में सिफारिशें की गई हैं, सभी पदों पर लागू होंगे। भविष्य में सृजित किए जाने वाले किसी भी पद को आयोग की सिफारिश के अनुसार निर्धारित किसी भी एक या दूसरे वेतनमान में रख सकना संभव होना चाहिए। (अध्याय 8, पैराग्राफ 8.9 और 8.72)	स्वीकार कर ली गई।
	(iv) कतिपय पदों अथवा कर्मचारियों के संशोधित वेतनमानों के संबंध में आयोग ने रिपोर्ट के अध्याय 9, 10, 11 और 27 में स्पष्ट सिफारिशें की हैं।	पुलिस कार्मिकों के वेतनमानों में कतिपय परिवर्तन करते हुए स्वीकार कर ली गई है, जिनको अलग से अधिसूचित किया जा रहा है।
2.	उन कर्मचारियों को राहत देने के प्रयोजन से जो कि अपने वेतनमान में अधिकतम वेतन पा रहे हों, संबंधित वेतनमानों की अधिकतम सीमा प्राप्त कर लेने पर प्रत्येक दो वर्ष की अवधि की पूर्ति हो जाने पर वर्ग 'ख', 'ग' और 'घ' के अन्तर्गत आने वाले समस्त काडरों में एक अवरोधवाहक वार्षिक वेतन-वृद्धि प्रदान की जानी चाहिए। अधिक से अधिक तीन वार्षिक वेतन-वृद्धियां दी जा सकेंगी। (अध्याय 23, पैराग्राफ 23.10)	स्वीकार कर ली गई। अवरोधवाहक वार्षिक वेतन वृद्धि दिए जाने से संबंधित वर्तमान शर्तें बराबर जारी रहेंगी।
3.	प्रस्तावित वेतनमानों में कर्मचारियों के वेतन को पैरा 30.2 (अध्याय 30) में विहित रीति के अनुसार निर्धारित किया जाना चाहिए।	इस परिवर्तन के साथ स्वीकार कर ली गई कि कम से कम लाभ 50 रुपए की बजाय 75 रुपए होना चाहिए। केन्द्रीय सिविल सेवा (संशोधित वेतन) नियमावली, 1986 अलग से जारी की जा रही है।
	मूल्यवृद्धि के लिए मुआवजा	
4.	(i) जब तक सरकार किसी नए सूचक अंक को प्रतिष्ठापित नहीं करती तब तक मूल्य वृद्धि के लिए कर्मचारियों को मुआवजा दिए जाने के प्रयोजन से औद्योगिक कर्मचारी (सामान्य) अखिल भारतीय औसत उपभोक्ता मूल्य सूचक अंक (आधार 1960=100) को ही उपयोग में लाया जाना चाहिए।	इस परिवर्तन के साथ स्वीकार कर ली गई कि मूल्य वृद्धि का मुआवजा सितम्बर के वेतन के साथ पहली जुलाई से और मार्च के वेतन के साथ पहली जनवरी से अदा किया जाएगा।
	(ii) 12 महीनों के सूचक अंकों के 608 के औसत (1960=100), जिससे सिफारिशों के अनुसार निर्धारित वेतनमान संबंधित हैं, से ऊपर मूल्य वृद्धि हो जाने पर मुआवजा अदा किया जाना चाहिए।	टिप्पणी : वित्त मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन संख्या 13017/1/86-ई-II(बी), दिनांक 24-6-1986 के द्वारा 1-4-86 से अतिरिक्त महंगाई भत्ते की जिन किस्तों की मंजूरी दी गई है और उसके अनुसरण में अप्रैल, मई और जून, 1986 में जिन धनराशियों की अदायगी कर दी गई है, उनको संशोधित फार्मूले वेतनमानों के संशोधन के कारण देय बकाया राशि के अनुसार अदा किए जाने वाले महंगाई भत्ते में समायोजित कर दिया जाएगा।
	(iii) मुआवजे की मंजूरी मार्च और सितम्बर के वेतनों के साथ अदा किए जाने के लिए एक वर्ष में दो बार प्रदान की जानी चाहिए।	
	(iv) उपर्युक्त सूचक अंक के 12 महीनों के औसत में प्रत्येक वर्ष दिसम्बर और जून में समाप्त होने वाली अवधियों में 608 के औसत सूचक अंक से जितनी भी प्रतिशत वृद्धि हो उसे केवल सम्पूर्ण अंकों में ही ग्रहण किया जाना चाहिए और भिन्नात्मक वृद्धि को अपेक्षित कर देना चाहिए।	
	(v) मूल वेतन पर कर्मचारियों को अदेय मुआवजे की दर, सूचक अंक के 608 अंक के औसत पर भी पूर्णांकों में परिकलित की जानी चाहिए और भिन्नों को ही अपेक्षित किया जाना चाहिए।	
	(vi) जो कर्मचारी 3500 रुपए तक का मूल वेतन ले रहे हैं, उनके लिए 100 प्रतिशत मूल्य-वृद्धि निराकरण की व्यवस्था की जानी चाहिए।	
	(vii) मुआवजे को परिलब्धियों के एक अलग तत्व के रूप में प्रदर्शित किया जाते रहना चाहिए। (अध्याय 13, पैराग्राफ 20)	

(1)	(2)	(3)

विशेष वेतन :

5. (i) कुछ मामलों में आयोग ने संशोधित वेतनमानों की सिफारिश की है, जिनमें विशेष वेतन भी सम्मिलित है। प्रस्तावित वेतनमानों को ध्यान में रखते हुए आयोग ने सिफारिश की है कि विशेष वेतन की मौजूदा दरों को जहां कहीं लागू हों, 500 रुपये की प्रतिमास की अधिकतम सीमा के अंतर्गत दुगुना कर दिया जाए।
(अध्याय 24, पैराग्राफ 24.3)

स्वीकृत। संबंधित मंत्रालय/विभाग उन पदों की, जिनके लिए इस समय विशेष वेतन लागू है, ध्यान से समीक्षा करेंगे ताकि विशेष वेतन वाले पदों की संख्या को सीमित किया जा सके, तथा समीक्षा के परिणामों की रिपोर्ट कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के पास 31.12.1986 से पहले भेज देंगे।

(ii) **कैशियरों के लिए विशेष वेतन :**

कैशियरों को निम्नलिखित दरों पर विशेष वेतन दिया जाए :

प्रतिमास संभाली जाने वाली नकदी की औसत राशि	मासिक विशेष वेतन की दर
75,000/- रुपए तक	50 रुपए
75000 रु. से अधिक और 2,00,000 रु. तक	75 रुपए
2,00,000 रु. से अधिक और 5,00,000 रु. तक	100 रुपए
5,00,000 रु. से अधिक	125 रुपए

(अध्याय 11, पैराग्राफ 11.56)

स्वीकृत।

6. **प्रतिनियुक्ति (ड्यूटी) भत्ता :**

सरकार आयोग द्वारा प्रस्तावित संशोधित वेतनमानों के संदर्भ में प्रतिनियुक्ति भत्ते की दरें उपयुक्त रूप से निर्धारित करे। प्रतिनियुक्ति भत्ता वेतन की प्रतिशतता के रूप में नहीं बल्कि निश्चित दर पर दिया जाए।

प्रतिनियुक्ति भत्ता एक ही शहर, आदि में स्थानान्तरण के लिए, 250 रुपए की उच्चतम सीमा के अधीन, मूल वेतन के 5 प्रतिशत की दर से और अन्य मामलों में, 500 रुपए की उच्चतम सीमा के अधीन, मूल वेतन के 10 प्रतिशत की दर से दिया जाना चाहिए।

प्रतिपूरक भत्ते :

7. (i) शहरों को वहां की तुलनात्मक महंगाई के आधार पर वर्गीकृत करना बड़ा पेचीदा और काफी समय लगने वाला कार्य है। इस सुझाव को स्वीकार करना कठिन है कि नगर पूरक भत्ता सभी स्थानों पर दिया जाए क्योंकि सामान्य निर्वाह व्यय में होने वाली वृद्धि की प्रतिपूर्ति समय-समय पर महंगाई भत्ते की अदायगी की स्कीम द्वारा की जाती है।
(अध्याय 17, मद 1, पैरा 17.3)

स्वीकृत।

(ii) विभिन्न वेतन सीमाओं वाले कर्मचारियों को निम्नलिखित निश्चित दरों पर नगर पूरक भत्ता अदा किया जाए :

वेतन-सीमा (बुनियादी वेतन)	निम्न श्रेणियों के शहरों में नगर पूरक भत्ते की राशि (रुपए – प्रति मास)		
	क	ख-1	ख-2
950 रु. से कम	30	25	20
950 रु. और उससे अधिक किन्तु 1500 रु. से कम	45	35	20
1500 रु. और उससे अधिक किन्तु 2000 रु. से कम	75	50	20
2000 रु. और उससे अधिक	100	75	20

स्वीकृत, सिवाय इस बात के कि उन 14 विशेष स्थानों के लिए, जहां पर ख-2 श्रेणी के शहरों पर लागू दरों पर नगर पूरक भत्ता अदा किया जा रहा है, नए आदेश अलग से जारी किए जाएंगे।

मकान किराया भत्ता :

8. (i) नगरों के जनसंख्या पर आधारित वर्गीकरण के संदर्भ में मकान किराया भत्ता देने की मौजूदा प्रणाली को जारी रखा जाए।
(अध्याय 14, पैरा 14.25)

स्वीकृत।

(ii) नगरों को भी वर्तमान तीन श्रेणियों अर्थात क, ख-1 और ख-2 तथा ग में वर्गीकृत किया जाना जारी रखा जाए। उन अवर्गीकृत शहरों/कस्बों में भी मकान किराया भत्ता अदा किए जाने की वास्तविक आवश्यकता है, जहां यह अभी प्रयोज्य नहीं है।
(अध्याय 14, पैरा 14.25)

स्वीकृत।

(1)	(2)	(3)

(iii) सरकारी कर्मचारियों को मकान किराए भत्ते की अदायगी उस टाइप के सरकारी आवास के संदर्भ में की जानी चाहिए, जिसके लिए वे अपनी वेतन सीमा के आधार पर हकदार है। इस व्यवस्था के अंतर्गत किसी विशेष टाइप के आवास के अनुसार, किसी कर्मचारी को मकान किराया भत्ता निश्चित राशि में देय होनी चाहिए जो तब तक नहीं बदलेगा जब तक कि उसकी हकदारी में परिवर्तन नहीं हो जाए।
(अध्याय 14, पैरा 14.26)

स्वीकृत

(iv) कर्मचारियों का वर्गीकरण और विभिन्न श्रेणियों के शहरों में उन्हें देय मकान किराए भत्ते की राशि निम्नलिखित रूप से होनी चाहिए :—

जिस टाइप के आवास के लिए हकदार हैं	हकदारी के लिए प्रस्तावित वेतन-मानों में वेतन-सीमा	निम्न श्रेणियों के शहरों में देय मकान किराए भत्ते की राशि			
		क, ख-1 और ख-2 श्रेणी के शहर	ग श्रेणी के शहर	अवर्गीकृत स्थान	
क	750—949	150	70	30	स्वीकृत
ख	950—1499	250	120	50	(केवल समूह 'ख', 'ग' और 'घ' पर लागू)
ग	1500—2799	450	220	100	
घ	2800—3599	600	300	15[illegible]	

(अध्याय 14, पैरा 14.27)

(v) उपर्युक्त दरों पर मकान किराया भत्ता सभी कर्मचारियों को (उनको छोड़कर, जिन्हें सरकारी/किराए पर लिया गया आवास प्रदान किया गया है) प्रदान किया जाए, और इसके लिए उन्हें किराए की रसीद प्रस्तुत करना जरूरी नहीं होना चाहिए। लेकिन उनके लिए यह प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होना चाहिए कि वे किराए पर कुछ व्यय कर रहे हैं/किराए के संबंध में कुछ अंशदान कर रहे हैं। अपने स्वयं के मकानों में रहने वाले सरकारी कर्मचारियों को भी उपर्युक्त दरों पर मकान किराया भत्ता दिया जाए, बशर्ते कि वे यह प्रमाण पत्र दें कि वे मकान अथवा सम्पत्ति कर अथवा मकान के अनुरक्षण के संबंध में अदायगी/अंशदान कर रहे हैं।
(अध्याय 14 पैरा 14.27)

स्वीकृत

(vi) उन मामलों में, जहां कोई सरकारी कर्मचारी किसी अन्य सरकारी कर्मचारी को किराए के बिना अलाट किए गए सरकारी आवास को शेयर करता है अथवा अपने माता-पिता, पुत्र-पुत्री, पत्नी, अथवा पति को अलाट हुए सरकारी आवास में रहता है/रहती है, जो अन्य शर्तें इस समय लागू हैं, वे लागू होनी रहेंगी।
(अध्याय 14, पैरा 14.27)

स्वीकृत

(vii) कुछ मामलों में वेतन की सीमा पर, जहां तक मकान किराया भत्ता दिया जाता है पाबन्दियां लगी हुई हैं। उन सभी स्थानों पर, जहां इस समय वेतन के 15 प्रतिशत दर पर मकान किराया भत्ता देय है, वह उन दरों पर अदा किया जाए, जिनकी सिफारिश वेतन आयोग द्वारा क, ख-1 और ख-2 श्रेणी के नगरों के लिए की गई हैं। उन अन्य मामलों में, जिन पर विशेष आदेश लागू होते हैं, मकान किराया भत्ता उन दरों पर अदा किया जाए, जिनकी सिफारिश वेतन आयोग ने ग श्रेणी के नगरों के लिए की है। इन दोनों मामलों में मकान किराया भत्ते के लिए वेतन की कोई उच्चतम सीमा नहीं होनी चाहिए।
(अध्याय 14, पैरा 14.28)

स्वीकृत

(viii) जब तक सरकार संघ राज्य क्षेत्र गोवा, दमन और द्वीव में विशेष आदेशों के अन्तर्गत मकान किराया भत्ता देना जारी रखती है, तब तक यह उन दरों पर दिया जाए, जिनकी सिफारिश वेतन आयोग द्वारा ग श्रेणी के नगरों के लिए की गई है।
(अध्याय 14, पैरा 14.29)

स्वीकृत

५. पर्वतीय प्रतिपूरक भत्ता/शीतकालीन भत्ता

उन सभी स्थानों पर, जहां इस समय पर्वतीय प्रतिपूरक भत्ता देय है, नमूने वर्ष पर वर्तमान पर्वतीय प्रतिपूरक भत्ते और शीतकालीन भत्ते को मिलाकर एक संयुक्त भत्ता दिया जाए, जिसकी दरें निम्नलिखित हैं :—

स्वीकृत

बुनियादी वेतन	संयुक्त पर्वतीय प्रतिपूरक भत्ते की मासिक दर (रुपए)
950 रुपए से कम	50
950 रुपए और उससे अधिक लेकिन 1500 रुपए से कम	70
1500 रुपए और उससे अधिक लेकिन 2000 रुपए से कम	120
2000 रुपए और उससे अधिक	150

(अध्याय 17, मद 11, पैरा 17.8)

(1)	(2)	(3)
10. प्रतिकूल जलवायु भत्ता		
	प्रतिकूल जलवायु भत्ता सरकारी कर्मचारियों को खराब जलवायु वाले क्षेत्रों में सेवा संबंधी कठिनाइयों के मुआवजे के रूप में दिया जाता है। यह भत्ता उन स्थानों पर दिया जाता है, जिन्हें सम्बन्धित राज्य सरकारों द्वारा अपने कर्मचारियों को भत्ता देने के लिए प्रतिकूल जलवायु वाले क्षेत्र घोषित किया गया हो। प्रतिकूल जलवायु भत्ता मौजूदा मानदण्डों के आधार पर, लेकिन वेतन की किसी उच्चतम सीमा के बिना, इन निम्नलिखित दरों पर दिया जाना चाहिए :—	स्वीकृत

वेतन-सीमा	प्रतिकूल जलवायु भत्ते की मासिक दर (रुपए)
950 रुपए से कम बुनियादी वेतन	20
950 रुपए और उससे अधिक लेकिन 1500 रुपए से कम बुनियादी वेतन	40
1500 रुपए और उससे अधिक लेकिन 2000 रुपए से कम बुनियादी वेतन	60
2000 रुपए और उससे अधिक लेकिन 3000 रुपए से कम बुनियादी वेतन	80
3000 रुपए और उससे अधिक बुनियादी वेतन	100

(अध्याय 17, पैरा 17.14)

11. परियोजना/निर्माण भत्ता		
	केन्द्रीय सरकार के उन कर्मचारियों को जो बृहद परियोजनाओं के निर्माण के संबंध में अविकसित और एकान्त स्थानों पर काम कर रहे हों, परियोजना/निर्माण भत्ता दिया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य उन्हें परियोजना स्थल पर आवास, स्कूलों, मार्केट, औषधालयों जैसी सुविधाओं के अभाव के लिए मुआवजा देना है। जब ये सुविधाएं परियोजना-स्थल पर अथवा उसके निकट उपलब्ध हो जाती हैं, तो यह भत्ता चरण-बद्ध रूप से समाप्त कर दिया जाता है। 1970 से शुरू होने वाले दशक में सरकार ने परियोजना भत्ता देने के मार्ग-दर्शक निदेशों और उसकी स्वीकृति देने की प्रक्रिया को दोष-रहित बनाया था। इसके बाद परियोजना भत्ता परियोजना-क्षेत्रों में परियोजना-भिन्न कर्मचारियों को दिया जाने लगा, जिसकी दर परियोजना कर्मचारियों को देय भत्ते की दरों की 50 प्रतिशत थी। परियोजना भत्ते की अदायगी का विनियमन करने वाले मौजूदा निदेशों में कोई परिवर्तन करने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन उसकी दरों को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाए :—	स्वीकृत

वेतन-सीमा	परियोजना-भत्ते की मासिक दरें (रुपए)
950 रुपए से कम बुनियादी वेतन	75
950 रुपए और उससे अधिक लेकिन 1500 रुपए से कम बुनियादी वेतन	150
1500 रुपए और उससे अधिक लेकिन 2000 रुपए से कम बुनियादी वेतन	225
2000 रुपए और उससे अधिक लेकिन 3000 रुपए से कम बुनियादी वेतन	300
3000 रुपए और उससे अधिक बुनियादी वेतन	375

(अध्याय 17, पैरा 17.17)

(1)	(2)	(3)
12. विशेष प्रतिपूरक भत्ता	सीमा क्षेत्र भत्ते, दुरस्थ स्थान भत्ते और कठिन क्षेत्र भत्ते के रूप में दिए जाने वाले विशेष प्रतिपूरक भत्ते की दरों को युक्तिसंगत बनाए जाने की आवश्यकता है, ताकि मोटे रूप से एक ही प्रकार की स्थानीय कठिनाइयों, स्थितियों, आदि वाले स्थानों के मामले में उनमें कुछ एकरूपता लाई जा सके। द्वीपीय क्षेत्रों के मामले में दो विभिन्न किस्मों के भत्ते के स्थान पर एक ही संयुक्त प्रतिपूरक भत्ता देना वांछनीय होगा। इसके अलावा, ये भत्ते एक-समान दरों पर दिए जाने चाहिएं। सिफारिश किए गए वेतनमानों को ध्यान में रखते हुए, ये भत्ते निम्नलिखित दरों पर दिए जाएं :	स्वीकृत

क्रम सं. क्षेत्र	विशेष प्रतिपूरक भत्ते की मासिक दरें (रुपए)				
	950 रुपए से कम बुनियादी वेतन	950 रु. और उससे अधिक किन्तु 1500 रु. से कम बुनियादी वेतन	1500 रु. और उससे अधिक किन्तु 2000 रु. से कम बुनियादी वेतन	2000 रु. और उससे अधिक किन्तु 3000 रु. से कम बुनियादी वेतन	3000 रु. और उससे अधिक बुनियादी वेतन
1. पैरा 17.9 में दी गई सारणी के क्रम सं. 1 से 10 में सूचीबद्ध क्षेत्र	150	250	350	500	650
2. पैरा 17.9 में दी गई सारणी के क्रम सं. 11 से 17 में सूचीबद्ध क्षेत्र	125	200	275	400	[illegible]
3. पैरा 17.9 में दी गई सारणी के क्रम सं. 18 से 24 में सूचीबद्ध क्षेत्र	75	150	225	300	[illegible]
4. पैरा 17.9 में दी गई सारणी के क्रम सं. 25 और 26 में सूचीबद्ध क्षेत्र (पैरा 17, पैरा 17.11)	20	40	60	80	100

(1)	(2)	(3)
13. मिजोरम म गड़बड़ी वाला क्षेत्र भत्ता	सरकार आयोग द्वारा सुझाई गई विशेष प्रतिपूरक भत्ते की संशोधित दरों को ध्यान में रखते हुए मिजोरम में विशेष भत्ता (गड़बड़ी वाले क्षेत्र भत्ता) को जारी रखने की आवश्यकता की जांच करे। (अध्याय 17, पैरा 17.12)	स्वीकृत। इसी बीच भत्ता विद्यमान दरों पर दिया जाता रहे।
14. जनजातीय क्षेत्र भत्ता	कुछ स्थानों पर केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों को जनजातीय क्षेत्र भत्ता, संबंधित राज्य सरकारों द्वारा अपने कर्मचारियों को दिए जाने वाले ऐसे ही भत्ते के आधार पर स्वीकृत किया गया है। लेकिन केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को दिए जाने वाले भत्ते की दरें भिन्न हैं जो 20 रुपए से 50 रुपए मासिक तक हैं। इस भत्ते की दरें वही होनी चाहिएं जिनकी सिफारिश प्रतिकूल जलवायु भत्ते के लिए की गई है। हाल में कुछ राज्य सरकारों द्वारा कुछ स्थानों पर जनजातीय क्षेत्र भत्ता स्वीकृत किया गया है, लेकिन इन क्षेत्रों में केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों के लिए इसकी मंजूरी नहीं दी गई है। यह भत्ता जनजातीय क्षेत्रों में तैनाती के लिए एक प्रोत्साहन है और जिन क्षेत्रों में इसकी मंजूरी राज्य सरकारों द्वारा की गई है, वहां केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों को भी यह भत्ता दिया जाए। (अध्याय 17, पैरा 17.5 और 17.16)	स्वीकृत।
15. जोखिम भत्ता :	कठिन परिस्थितियों में काम करने वाले विभिन्न वर्गों के कर्मचारियों के जोखिम भत्ते को युक्तिसंगत बनाने के लिए सुझाव प्राप्त हुए हैं। मामले की, सरकार द्वारा इस प्रयोजन के लिए नियुक्ति की जाने वाली एक विशेषज्ञ समिति द्वारा जांच की जा सकती है। समिति से केवल कर्मचारियों के विभिन्न वर्गों के लिए भत्ता मंजूर करने की आवश्यकता के बारे में जांच करे बल्कि इसकी पर्याप्तता की भी जांच करे। इसी दौरान, विद्यमान दरों में 100 प्रतिशत वृद्धि की सिफारिश की जाती है। (अध्याय 17, पैराग्राफ 17.21 से 17.28)	विशेषज्ञ समिति नियुक्त किए जाने की सिफारिश स्वीकृत। इस बीच मौजूदा दरों पर जोखिम भत्ता देना जारी रखा जाए।

(1)	(2)	(3)

18. यात्रा भत्ता :

(i) केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों का वर्गीकरण :

यात्रा भत्ते और दैनिक भत्ते से संबंधित विभिन्न प्रयोजनों के लिए वेतन का सरल और एक समान समूहीकरण करना वांछनीय है। कर्मचारियों का समूहीकरण निम्नलिखित वेतन के आधार पर किया जाना चाहिए :— स्वीकृत

1. 2800/- रुपए और अधिक
2. 1900/- रु. और अधिक किन्तु 2800/- रुपए से कम
3. 1400/- रुपए और अधिक किन्तु 1900/- रुपए से कम
4. 1100/- रुपए और अधिक किन्तु 1400/- रुपए से कम
5. 1100/- रुपए से कम

(अध्याय 18, पैराग्राफ 18.3)

(ii) सड़क मील भत्ता :

आयकर कर्मचारियों को सड़क मील भत्ता विनिर्दिष्ट दरों से अदा किया जाता है। यह सुझाव दिया गया है कि किराए के वाहन और सार्वजनिक परिवहन द्वारा यात्राओं के लिए निश्चित डेरिफ दरों पर वास्तविक प्रभारों की प्रतिपूर्ति की जानी चाहिए। सक्षम प्राधिकरण द्वारा दिल्ली के लिए निर्धारित दरों को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा मील भत्ते की दरों में संशोधन किया जाना चाहिए। स्वीकृत

(अध्याय 18, पैराग्राफ 18.8)

(iii) यात्रा और स्थानान्तरण पर रेल द्वारा यात्रा की हकदारी :

हमारे द्वारा सिफारिश किए गए वेतन को ध्यान में रखते हुए यात्रा और स्थानान्तरण पर रेल द्वारा यात्रा के लिए हकदारी को निम्न प्रकार संशोधित कर दिया जाए : स्वीकृत

वेतन	यात्रा हकदारी
2800/-रुपए और अधिक	एस. सी.-दो टियर स्लीपर/ प्रथम श्रेणी
1900/-रुपये और अधिक किन्तु किन्तु 2800/- रुपये से कम	प्रथम श्रेणी/ए.सी. चेयर कार
1400/-रुपये और अधिक किन्तु 1900/- रुपये से कम	प्रथम श्रेणी/ए.सी. चेयर कार
1100/-रुपये और अधिक किन्तु 1400/- रुपये से कम	द्वितीय श्रेणी (स्लीपर)
1100/- रुपये से कम	द्वितीय श्रेणी (स्लीपर)

(अध्याय 18, पैराग्राफ 18.9)

(vi) दैनिक भत्ते की दर :

(क) दैनिक भत्ते की दर निम्नलिखित होनी चाहिए :

इस प्रयोजन के लिए नगरों और स्थानों का श्रेणीकरण वही होगा जो वित्त मंत्रालय द्वारा समय-समय पर किया जाए। स्वीकृत

वेतन	कालम 3 और 4 में वर्णित स्थानों के अलावा	बी-1 श्रेणी के नगर तथा मंहगे स्थान	ए. श्रेणी के नगर तथा विशेष रूप से मंहगे स्थान
1	2	3	4
	रु.	रु.	रु.
2800/- रुपए और अधिक	50	60	75
1900/- रु. और अधिक किन्तु 2800/- रु. से कम	40	50	65
1400/-रु. और अधिक किन्तु 1900/- रु. से कम	35	45	55
1100/-रु. और अधिक किन्तु 1400/- रु. से कम	30	40	50
1100/-रु. से कम	20	25	35

(1)	(2)	(3)

(ख) यदि कर्मचारी किसी होटल अथवा निर्धारित दरों पर आवास और/या भोजन की व्यवस्था करने वाले किसी अन्य प्रतिष्ठान में ठहरे तो निम्नलिखित दर पर दैनिक भत्ता दिया जाना चाहिए । — स्वीकृत

1	2	3	4
2800/- रु. और अधिक	105	120	150
1900/- रु. और अधिक किन्तु 2800/- रु. से कम	75	90	125
1400/- रु. और अधिक किन्तु 1900/- रु. से कम	50	65	80
1100/- रु. और अधिक किन्तु 1400/- रु. से कम	40	50	65
1100/- रु. से कम	25	30	40

(अध्याय 18, पैरा 18.3 और 18.4)

(v) स्थानान्तरण अनुदान तथा पैकिंग भत्ता :

सरकार ने स्थानान्तरण यात्रा भत्ते की हकदारी जनवरी, 1986 में संशोधित की है। वेतनमानों में संशोधन होने से निम्नलिखित के अनुसार एक-मुश्त स्थानान्तरण अनुदान और पैकिंग भत्ता संशोधित किया जाना चाहिए । — स्वीकृत

वेतन	एकमुश्त स्थानान्तरण अनुदान	पैकिंग भत्ता
2800 रुपये और अधिक	3000/- रुपए	1200/- रुपए
1900 रुपए और अधिक किन्तु 2800 रुपए से कम	1500/- रुपए	900/- रुपए
1400 रुपए और अधिक किन्तु 1900 रुपए से कम	1000/- रुपए	600/- रुपए
1100 रुपए और अधिक किन्तु 1400 रुपए से कम	600/- रुपए	600/- रुपए
1100 रुपए से कम	450/- रुपए	450/- रुपए

(अध्याय 18, पैरा 18.15)

(vi) रेल द्वारा जुड़े स्थानों के बीच व्यक्तिगत वस्तुओं का परिवहन :

रेल द्वारा जुड़े स्थानों के बीच सड़क द्वारा व्यक्तिगत वस्तुएं ले जाने के लिए सरकारी कर्मचारियों को सड़क द्वारा व्यक्तिगत वस्तुओं को ले जाने पर हुए वास्तविक खर्च की प्रतिपूर्ति अथवा रेल द्वारा ले जाने पर अनुमन्य राशि तथा उस राशि के अधिकतम 25 प्रतिशत तक की अतिरिक्त राशि, जो भी कम हो, अदा की जानी चाहिए । — स्वीकृत

(अध्याय 18, पैरा 18.12)

(vii) रेल द्वारा न जुड़े स्थानों के बीच सामान का परिवहन :

रेल द्वारा न जुड़े स्थानों के बीच सामान ले जाने के लिए प्रतिपूर्ति की वर्तमान दरें जो 1981 में (वस्तुतः 1978 में) निर्धारित की गई थी, दुगुनी कर दी जानी चाहिए। — स्वीकृत

(अध्याय 18, पैरा 18.13)

(viii) स्थानान्तरण पर सरकारी कर्मचारियों की हकदारी :

यदि कर्मचारी को उसकी नियुक्ति के नए स्थान पर सरकारी आवंटन उपलब्ध न होने के कारण अपने परिवार को पीछे ही छोड़ना पड़े तो उसे सामान्य यात्रा भत्ते की हकदारी के अलावा जाने और वापसी यात्रा के लिए उसकी हकदारी की श्रेणी तक का अतिरिक्त किराया दिया जाना चाहिए । — स्वीकृत

(अध्याय 18, पैरा 18.14)

(1)	(2)	(3)
	(9) बच्चों के लिए यात्रा सहायता :	
	अनुमोदित छुट्टियों के दौरान केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के बच्चों को निर्धारित शर्तों के अनुसार, यात्रा सहायता की योजना है । यह जारी रहनी चाहिए किन्तु 150 कि.मी. का वर्तमान प्रतिबन्ध हटा दिया जाना चाहिए । (अध्याय 18, पैरा 18.16)	स्वीकृत
	(10) आश्रित संबंधियों के लिए आय की सीमा :	
	आश्रित संबंधियों के लिए 250/- रुपए प्रतिमास की आय की अधिकतम सीमा बढ़ाकर 500/- रुपए प्रतिमास कर दी जाए। (अध्याय 18, पैरा 18.11)	स्वीकृत
	(11) सामान्य:	
	यात्रा भत्ते/दैनिक भत्ते की दरों की सरकार द्वारा समय-समय पर समीक्षा की जानी चाहिए और आवश्यक होने पर उन्हें संशोधित किया जाए। (अध्याय 18, पैरा 18.17)	स्वीकृत

17. सवारी भत्ता

सवारी भत्ते की दरें निम्न प्रकार संशोधित की जानी चाहिए :

सरकारी ड्यूटी पर औसत मासिक यात्रा	अपनी मोटरकार द्वारा	सवारी के अन्य वाहन द्वारा
	यात्रा के लिए सवारी भत्ते की दर	
201—300 कि.मी.	300 रुपए प्र. मा.	100 रुपए प्र. मा.
301—450 कि. मी.	450 रुपए प्र. मा.	130 रुपए प्र. मा.
451—600 कि. मी.	550 रुपए प्र. मा.	170 रुपए प्र. मा.
601—800 कि. मी.	650 रुपए प्र. मा.	200 रुपए प्र. मा.
800 कि. मी. से अधिक	800 रुपए प्र. मा.	230 पए प्र. मा.

स्वीकृत

सवारी भत्ते की अदायगी के लिए अन्य शर्तें लागू रहेंगी ।
(अध्याय 18, पैरा 18.6)

18. साइकिल भत्ता :

साइकिल भत्ते की दरें, विद्यमान शर्तों पर बढ़ाकर 20/- रुपए प्रतिमास कर दी जाएं।
(अध्याय 18, पैरा 18.7)

स्वीकृत

19. समयोपरि भत्ता।

(i) सरकारी कार्यालयों में समयोपरि अदायगी की वर्तमान प्रणाली को समाप्त कर देना चाहिए। जहां की कहीं स्टाफ की अपर्याप्तता के कारण समयोपरि भत्ता दिया जा रहा हो तो इस कमी को तुरन्त दूर किया जाना चाहिए । सरकार को काम की आवश्यकता के अनुरूप आवश्यक स्टाफ की व्यवस्था करनी चाहिए ।

(अध्याय 26, भाग III, पैरा 26.11)

(i) से (iv) समयोपरि भत्ता देना बंद कर दिया जाएगा । विनिर्दिष्ट श्रेणियों के कर्मचारियों के लिए निर्धारित परिस्थितियों में अतिरिक्त कार्य भत्ते की अनुमति दी जाएगी ।

(ii) प्रचालन संबंधी कार्यालयों के मामले में क्षतिपूर्ति लेकर लाभ दान करने की बजाए छुट्टी के रूप में दी जानी चाहिए ।

(अध्याय 26, भाग III, पैरा 26.11)

(1)	(2)	(3)
	(iii) मानदेय के मामले पर भी भलीभांति विचार किया जाना चाहिए जब असाधारण परिस्थितियों में अथवा असामान्य कार्यकलापों के लिए अधिक समय तक रुकने के लिए क्षतिपूर्ति करनी हो। (अध्याय 26, मद III, पैरा 26.11)	
	(iv) सरकार मंत्रियों तथा वरिष्ठ अधिकारियों के वैयक्तिक स्टाफ और स्टाफ कार ड्राइवरों के लिए उपयुक्त दरों पर आउट आफ पाकेट भत्ता और परिवहन भत्ता मंजूर करने पर विचार कर सकती है, जिसमें जहां कहीं आवश्यक हो, एक समेकित विशेष भत्ता भी शामिल है। (अध्याय 26, मद III, पैरा 26.11)	
	(v) सरकार, "रात्रि ड्यूटी भत्ते" अथवा रात्रि के दौरान किए गए काम के घंटों को भार प्रदान करने से संबंधित पूरे मामले की जांच कराने की व्यवहार्यता पर विचार कर सकती है क्योंकि इसके विभिन्न पहलू तथा निहितार्थ हैं। इसी दौरान सरकार "रात्रि-ड्यूटी" भत्ते की दरों को पुनः निर्धारित कर सकती है। (अध्याय 26, मद-III, पैरा 26.13)	स्वीकृत। इस बीच मौजूदा दरों पर इस भत्ते की अदायगी करना जारी रखा जाए।
20. छुट्टी की हकदारी :		
	(1) यह सिफारिश की जाती है कि अर्जित अवकाश जमा होने की 180 दिन की विद्यमान सीमा को बढ़ाकर 240 दिन कर दिया जाए। यह भी सिफारिश की जाती है कि सेवा-निवृत्ति के समय अर्जित अवकाश के बदले नकद राशि की सीमा को भी बढ़ाकर 240 दिन कर दिया जाए।	स्वीकृत। सभी अधिकारियों को अलग से अनुदेश जारी किए जाएंगे कि किसी भी कर्मचारी को, आमतौर से छुट्टी देने से इन्कार नहीं किया जाएगा।
	(2) इस समय अध्ययन संबंधी छुट्टी की मंजूरी की शर्तों के अधीन किसी सरकारी कर्मचारी को ऐसी छुट्टी लेने से प्रतिबाधित कर दिया गया है। यदि वह सेवा-निवृत्त होने वाला है अथवा उसे उस तारीख से तीन वर्ष के अन्दर सरकारी सेवा से सेवा-निवृत्त होने का विकल्प प्राप्त है, जिस तारीख को छुट्टी समाप्त होने के बाद उसके ड्यूटी पर वापस आने की संभावना है। "अथवा सेवा-निवृत्त होने का विकल्प प्राप्त है" शब्दों को नियमों से निकाल दिया जाए। विद्यमान नियम स्पष्ट नहीं है कि क्या उन मामलों में भी अध्ययन छुट्टी मंजूर की जा सकती है जिनमें अध्ययन संबंधी पाठ्यक्रम एक से अधिक अवधि में पूरा किया जाए। स्थिति को स्पष्ट करने के लिए नियमों को संशोधित किया जाए और अध्ययन छुट्टी को, विद्यमान सीमाओं के अन्तर्गत, जहां कहीं आवश्यक हो, दो अवधियों में लेने की अनुमति दी जाए।	अध्ययन छुट्टी नियमों को सरल बनाने का काम कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग ने पहले से ही हाथ में ले रखा है। नियमों में आवश्यक संशोधन जारी होने के बाद, और आगे सरलीकरण की कोई आवश्यकता नहीं रहेगी।
	(3) प्रत्येक कैलेन्डर वर्ष की पहली जनवरी और पहली जुलाई को 15-15 दिन की दो किस्तों में अर्जित अवकाश जमा करने की मौजूदा पद्धति पर पुनर्विचार किया जाए ताकि जिन मामलों में कर्मचारियों ने पहली जनवरी अथवा पहली जुलाई को पहले ही 180 दिन का अर्जित अवकाश जमा कर लिया हो उन्हें होने वाले नुकसान को दूर किया जा सके। (अध्याय 26, पैराग्राफ 26.2)	अस्वीकृत, क्योंकि इससे उन कर्मचारियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, जिनके पास पहली जनवरी अथवा पहली जुलाई से पहले कोई छुट्टी जमा नहीं होगी।
21. चिकित्सा सुविधाएं :		
	(क) जो कर्मचारी चिकित्सा प्रतिपूर्ति योजना के अंतर्गत आते हों, उन्हें बहिरंग इलाज के लिए 25 रुपए प्रतिमाह के हिसाब से निश्चित चिकित्सा भत्ता दे दिया जाए। किन्तु कैंसर, मधुमेह आदि जैसी विशेष बीमारियों पर, जिनका रिपोर्ट के पैराग्राफ 16, 16.9 में ब्योरा दिया गया है और अस्पताल में भर्ती होने पर किए जाने वाले खर्चों, की पहले की भांति सभी कर्मचारियों को प्रतिपूर्ति की जाती रहेगी। (अध्याय 16 पैराग्राफ, 16.9)	स्वीकार नहीं किया गया। आवश्यकता पड़ने पर समुचित इलाज की सुविधा प्रदान करने पर महत्व दिया गया है न कि बिना आवश्यकता के भत्तों के भुगतान करने पर। मौजूदा कमियों को दूर करने और केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए अलग से कार्यवाई की जा रही है। इस बीच प्रतिपूर्ति योजना जारी रहेगी।
	(ख) माता-पिता, बहनों, विधवा बहनों, नाबालिग भाइयों, तथा बच्चों को सरकारी कर्मचारी, पर आश्रित माना जा सकता है यदि वे उसके साथ रहते हों और यदि उनकी पेंशन तथा मृत्यु एवं सेवा-निवृत्ति उपदान लाभों के बराबर पेंशन की राशि समेत सभी स्रोतों से आय 500/- रुपए प्रतिमाह से कम हो। (अध्याय 16, पैराग्राफ 16.10)	स्वीकार कर लिया गया है।

1	2	3
22.	कार्य घंटे : सरकारी कर्मचारियों के कार्य के घंटों पर जो इस समय 37-1/2 घंटे प्रति सप्ताह हैं, सरकार द्वारा पुनर्विचार किया जाए और उनमें उत्पादकता के स्तर को बनाए रखने तथा उसमें सुधार करने की दृष्टि से यथोचित वृद्धि कर दी जाए,। (अध्याय 26, पैराग्राफ 26.2)	स्वीकृत । आध घंटा प्रति कार्य दिवस बढ़ाकर कार्य के घंटों को 40 घंटे प्रति सप्ताह किया जाएगा ।
23.	सेवाओं तथा पदों का वर्गीकरण : वर्गीकरण की मौजूदा पद्धति को जारी रखा जाए और संशोधित समूहवार वर्गीकरण इस प्रकार मौजूदा वर्गीकरण किया जाए :— समूह : ख. कोई केन्द्रीय सिविल पद जिसका अधिकतम वेतन अथवा वेतनमान 2900 रुपए से कम न हो लेकिन 4000 रुपए से कम हो । ग. कोई केन्द्रीय सिविल पद जिसका अधिकतम वेतन अथवा वेतनमान 1150 रुपये से अधिक हो लेकिन 2900 रुपए से कम हो । घ. कोई केन्द्रीय सिविल पद जिसका अधिकतम वेतन अथवा वेतनमान 1150 रुपए अथवा उस से कम हो । जहां कहीं इस तरह के परिवर्तन हों जिनका उल्लेख पैराग्राफ 26.50 में किया गया है तो उन पदों के मामले में विद्यमान वर्गीकरण को जारी रखा जाए । किन्तु सरकार चाहे तो आवश्यकता पड़ने पर ऐसे मामलों में वर्गीकरण पर पुनर्विचार कर सकती है । (अध्याय 26, पैराग्राफ 26.52)	सांकेतिक रूप से जारी रखा जाएगा।
24	संसदीय कार्य सहायकों को विशेष भत्ता देने संबंधी मौजूदा शर्तों में कोई परिवर्तन करने की आवश्यकता नहीं है । इसकी दर 200 रुपए से बढ़ाकर 300 रुपए कर दिया जाए । (अध्याय 9, पैराग्राफ 9.28)	—स्वीकृत—
25.	सामान्य भविष्य निधि सभी कर्मचारियों के लिए अंशदान की मौजूदा दरों पर भविष्य निधि योजना को अनिवार्य बनाये रखा जाए । भविष्य निधि खाते से किसी भी प्रयोजन के लिए कोई अग्रिम लेने, की अनुमति नहीं दी जाएगी । भविष्य निधि खाते से वापस न की जाने वाली निकासियों को भी सीमित कर दिया जाना चाहिए और केवल बच्चों की उच्च शिक्षा, स्वयं अथवा बच्चों के विवाह, कर्मचारी की बीमारी और मकान बनाने के लिए प्लाट खरीदने, अपने रहने के लिए मकान/बना-बनाया फ्लैट खरीदने के लिए, जिसमें प्लाट की लागत भी शामिल है, रकम निकालने की अनुमति दी जानी चाहिए । निकासियों की राशि की सीमा तथा पात्रता शर्तें पहले की भांति ही रखी जाएं, सिवाए किसी मकान खरीदने के लिए निकासी के संबंध में, जिन मामलों में निकाली जाने वाली राशि और/अथवा सेवा की अवधि के संबंध में कोई प्रतिबन्ध नहीं होना चाहिए । (अध्याय 20, पैराग्राफ 20.4)	अंशदान को मौजूदा दरों पर सामान्य भविष्य निधि योजना को जारी रखने की सिफारिश स्वीकृत । अग्रिम और निकासी के नियमों को कड़ा बनाये जाने के बारे में दी गई अन्य सिफारिश की जांच की जानी है ।
26.	वेतनवृद्धि : सभी स्तरों पर किन्तु सेवा के सबसे वरिष्ठ स्तरों पर कार्य-निष्पादन से संबद्ध वेतन प्रणाली होनी चाहिए । इस प्रकार वेतनमान में वार्षिक वेतन वृद्धियां केवल उन्हीं को दी जानी चाहिए जो पूर्ण संतोषजनक ढंग से सेवा करें । इस प्रयोजन के लिए सेवा नियमों में संतोषजनक सेवा की परिभाषा शामिल की जाए । कार्य-निष्पादन के मूल्यांकन के लिए एक उचित मानदण्ड तैयार किया जाए और अधिकारियों की एक समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष श्रेणी निर्धारित की जाए । जिस कर्मचारी का निरन्तर उत्कृष्ट कार्य निष्पादन रहे उसे सीमित संख्या में बगैर पेंशन वाले नकद लाभ या दुगुनी दर पर वार्षिक वेतन वृद्धि दे दी जाए । (अध्याय 7, पैरा 7.60)	स्वीकार नहीं की गई क्योंकि वेतनवृद्धि को रोकना सी. सी. एस. (सीसीए) नियमों के अंतर्गत एक दंड है । इसलिए वेतनवृद्धि को रोकने की प्रक्रिया बड़ी पेचीदा बन जाएगी और यदि वेतन आयोग की सिफारिश स्वीकार कर ली गई तो इसे क्रियान्वित करना प्रशासनिक रूप से कठिन होगा । वेतनवृद्धि की हर क्रम पर समीक्षा करना, कार्यकुशलता के लिए भी सहायक सिद्ध नहीं होगा । बकाएरोध अथवा पदोन्नति के समय इस प्रकार की समीक्षा करना बेहतर होगा ।

(1)	(2)	(3)
27. प्रभावी बनाने की तारीख :		
(i)	सिफारिश किए गए वेतनमानों का लाभ वर्तमान वित्तीय वर्ष के प्रारंभ से देना प्रशासनिक दृष्टि से सुविधाजनक होगा।	अनुबन्ध की मद 1 में दी गई सिफारिशों के संबंध में निर्णय 1 जनवरी, 1986 से लागू किया जाएगा। जनवरी से मार्च 1986 तक की अवधि के संबंध में बकायों की निवल राशि कर्मचारी के जी. पी. एफ./सी.पी.एफ. खाते में जमा कर दी जाएगी सी. पी. एफ. योजना के अंतर्गत आने वाले कर्मचारियों के मामले में सरकार (नियोक्ता) की ओर से कोई तदनुरूपी अंशदान नहीं किया जाएगा।
(ii)	अन्य मामलों से संबंधित सिफारिशों के बारे में सरकार को, उन्हें किसी उपयुक्त तारीख से लागू करने के लिए, सभी संगत पहलूओं को ध्यान में रखते हुए, जिनमें प्रशासनिक तथा लेखा पद्धति संबंधी कार्य भी शामिल है, स्पष्ट निर्णय लेने होंगे। (अध्याय 31, पैरा 31.2)	संबंधित सरकारी आदेश में प्रभावी होने की तारीख का उल्लेख कर दिया जाएगा।

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Expenditure)

New Delhi, the 13th September, 1986

RESOLUTION

No. 14(1)/IC/86—The Fourth Central Pay Commission was set up by the Government of India by Resolution No. 5(56)-E.III/83 dated 29th July, 1983 as amended by Resolution No. 5 (56)-E.III/83 dated 16th February, 1985 and No. 5(56)-E.III/83 dated 8th November, 1985. The Commission submitted on the 30th June, 1986, Part I of its Report relating to structure of emoluments, allowances, conditions of service of Central Government employees including Union Territories, members of All India Services and personnel belonging to the Armed Forces. Government have given careful consideration to the recommendations of the Commission in respect of civilian employees of the Central Government in Group 'B', 'C' and 'D' and have decided that the recommendations of the Commission in respect of these categories of Central Government employees shall be accepted broadly subject to the improvements mentioned below:—

(i) The minimum benefit calculated at 20% of the basic pay according to the pay fixation formula in the revised scales recommended by the Commission will be raised from Rs. 50 to Rs. 75.

(ii) The rates of increment in the first three lowest scales (Group 'D' employees) recommended by the Commission will be improved and the revised pay scales for Group 'D' employees will now be as below:—

Recommended by the Commission	As modified by the Government
Rs. 750-8-790-EB-10-940	Rs. 750-12-870-EB-14-940.
Rs. 775-10-965-EB-12-1025	Rs. 775-12-955-EB-14-1025.
Rs. 800-12-920-EB-15-1070-20-1150	Rs. 800-15-1010-EB-20-1150.

(iii) The Commission's recommendations relating to scales of pay shall be made effective from 1-1-1986 instead of 1-4-1986 as recommended by the Commission.

(iv) Six-monthly payment of compensation for rise in prices (Dearness Allowance) will be effective from 1st July for payment with the salary for September, and from 1st January for payment with the salary for March, instead of from 1st September and 1st March as recommended by the Commission.

